राजस्थान सरकार

कार्यालय, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, बज्जू (बीकानेर)

ई-मेलः gcbajju@gmail.com

प्रेस नोट

राजकीय महाविद्यालय, बज्जू में सत्र 2024-25 हेतु स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध (हिन्दी एवं इतिहास विषय) में प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। राजकीय महाविद्यालय, बज्जू के ऑनलाइन प्रवेश नोडल अधिकारी श्री सोमदत कूल्हरी ने बताया कि बुधवार दिनांक 28.08.2024 से ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होंगे। उन्होंने बताया कि प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि बुधवार दिनांक 11.09.2024 है। ऑनलाइन आवेदन हेतु स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की अंकतालिका, स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टी.सी.), चरित्र प्रमाण पत्र (सी. सी.) {जिस संस्था से स्नातक कक्षा उत्तीर्ण की है वहाँ से दोनों लेने है} जन आधार कार्ड, मूल निवास, मोबाइल नंबर, विद्यार्थी का फोटो, हस्ताक्षर, जाति प्रमाण पत्र (यदि जाति को आरक्षण हो तो), सामान्य वर्ग हेतु EWS सर्टिफिकेट (वित्तीय वर्ष 2024- 25 का),खेल कूद या अन्य कोई बोनस अंक हेतु प्रमाण पत्र (यदि हो तो) आदि की आवश्यकता रहेगी। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित तिथि से पूर्व ई मित्र अथवा स्वयं के माध्यम से अपना ऑनलाइन आवेदन कर दें।

नोट- विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करने से पहले जन आधार कार्ड में अपना नाम, पिता का नाम व अन्य विवरण अपनी 10 वीं व 12 वीं की अंकतालिका के अनुसार सही करवा ले। अन्यथा जन आधार में गलत होने से प्रवेश में भी गलत आएगा।

सोमदत कूल्हरी

नोडल प्रवेश अधिकारी राजकीय महाविद्यालय, बज्जू